प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.08.2025
समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सवाईमाधोपुर के अजनोटी, मैनपुरा और करमोदा में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। इस दौरान उनके साथ कृषि और आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री आज चकचैनपुरा स्थित हवाई पट्टी और बिश्नोता हवाई पट्टी पर आमजन और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर चर्चा भी करेंगे। वे खंडार में भी हवाई सर्वे करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का धौलपुर के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा कर जायज़ा लेने का कार्यक्रम है। इसके बाद मुख्यमंत्री दौसा के डूंगरपुर गांव में ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा जन समारोह को संबोधित भी करेंगे।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का आज सुबह निधन हो गया। श्री सोरेन ने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 81 साल के थे। पिछले डेढ महीने से वे अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन पर आज राज्यसभा में दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने शोक संदेश में कहा है कि शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में शिबू सोरेन को श्रद्धाजंलि देते हुए उन्हें ज़मीनी नेता बताया। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने भारत और अमरीका के बीच हाल ही में शुल्क संबंधी घटनाक्रमों के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स की निंदा की है। इन अकाउंट्स पर विदेश मंत्रालय और अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम से मनगढ़ंत बयान देने का आरोप है। तथ्य जांच इकाई ने उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचनाओं और झूठे प्रचार के झांसे में न आने की चेतावनी दी है। इकाई ने लोगों को ऐसी किसी भी सूचना को साझा करने या उस पर विश्वास करने से पहले हमेशा आधिकारिक स्रोतों से जांच करने की सलाह दी है।

श्री अमरनाथ यात्रा बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से स्थगित कर दी गई है। कश्मीर के डिविजनल आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि हाल ही में हुई तेज़ बारिश के कारण बालटाल और पहलगाम के मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम कराना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर मरम्मत कर्मियों और मशीनों की निरंतर तैनाती के कारण यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष 3 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक चार लाख 14 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं।

सावन माह के अंतिम सोमवार पर आज प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तगण बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर रहे है। मंदिरों में भक्तों की लम्बी कतारे लगी हुई है। विभिन्न पवित्र स्थलों से कावडिये पवित्र जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित कर रहे है। राजधानी जयपुर के झारखण्ड महादेव और ताडकेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से ही भगवान शिव का अभिषेक किया जा रहा है। शिव मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। जालौर जिले के बिशनगढ महादेव मंदिर, जगनाथ मंदिर और रामसीन के आपेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे लगी हुई है।

श्रीगंगानगर के रावला इलाके के 17के एन डी खानुवाली में एक खेत में बनी डिग्गी में डूबने से दो भाईयों की मौत हो गई। छोटे भाई के डिग्गी में फिसलकर गिरने के बाद उसे बचाने के प्रयास में बडे भाई की भी मृत्यु हो गई।

प्रदेश में बीते कुछ दिनों से जारी भारी बारिश की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है। मौसम खुलने के साथ ही कई स्थानों पर गर्मी और उमस का असर देखा जा रहा है। पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, अलवर और करौली जिलों में रुक–रुक कर बारिश हुई। सबसे ज्यादा 5 सेंटीमीटर बारिश भरतपुर के बयाना में हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है, हालांकि अत्यधिक वर्षा की आशंका कम है। पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग ने आज राज्य के पांच जिलों अलवर, भरतपुर, धौलपुर और आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।